‘सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य’ का पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन **(SOF)** द्वारा डीपीएस बोकारो के प्रधानाचार्य ए.एस. गंगवार को वर्ष 2020-21 के लिये ‘सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य पुरस्कार’ **(Best International Principal Award)** से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- नेतृत्व गुणों, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पहल और छात्रों की अकादमिक उत्कृष्टता की मान्यता में **SOF** की अकादमिक परिषद ने गंगवार को यह सम्मान दिया है।
- एक नेता के रूप में शिक्षकों की टीम को दृढ़ता और समर्पण के साथ छात्रों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिये प्रेरित करने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका की पूरे देश में सराहना की गई।
- **SOF** हर साल दुनिया के 22 देशों में फैले 1400 से अधिक शहरों के 42,800 स्कूलों में राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड, भारतीय अर्थशास्त्र ओलंपियाड, राष्ट्रीय कंप्यूटर ओलंपियाड, अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करता है।
- उल्लेखनीय है कि गंगवार पूर्वी क्षेत्र के उन गिने-चुने प्रधानाध्यापकों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष यह पुरस्कार मिला है। गंगवार को शिक्षा में उनकी सेवा के लिये कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले हैं, जिनमें संदीपनी विशिष्ट गुरुजन सम्मान, विद्यापति शिक्षक सम्मान, प्रगतिशील प्रधानाचार्य पुरस्कार और अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य पुरस्कार (2019-20) शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/best-international-principal-award